श्री बंसी लाल : अध्यक्ष महोदय, वह भी इनका ही राज था आप बेइमानी करके जीते थे लेकिन इलैक ान पैटी ान में आप केस हार गये है।

श्री ओम प्रका ा चौटाला : अध्यक्ष महोदय, धर्मबीर जी बता देंगे कि क्या कोई बेइमानी हुई थी।

श्री अध्यक्ष : चौधरी साहब, आप तो चीफ मिनिस्टर थे तब भी हार गये। धर्मबीर जी आप खड़े होकर बताओ कि बेइमानी हूई थी या नहीं।

श्री धर्मवीर सिंह : अध्यक्ष महोदय, उस उप चुनाव मे कोई बंइमानी नहीं हुई थी।

श्री बंसी लाल :

श्री अध्यक्ष : बंसी लाल जी की कोई बात रिकॉर्ड न की जाए।

श्री ओम प्रका ा चौटाला : बंसी लाल जी, अगर बंकायदगी का जिक्रकरते हो तो आज जनाब ने मुख्य मंत्री के तौर पर चुनाव लड़ा और 90 परसैंट पोल हुए।

श्री बंसी लाल : अध्यक्ष महोदय, मैं तो गया भी नहीं।

श्री ओम प्रका ा चौटाला : बंसी लाल जी,आप तो नहीं गएं लेकिन 98 परसैंट पोल हुए हैं या नहीं ये बता दो यह हिन्दुस्तान के इतिहास में रिकॉर्ड है कि कहीं 98 परसैंट पोल हुए है। किस बात पर तो टिकोगे, किसी बात पर तो आओगें,कहीं तो कुछ मानोगे।

प्रो. सम्पत सिंह : अध्यक्ष महोदय, इसी तरह 1985–86 में महम के बाइ इलैक्रान में इनके राज में हम जीते। 1998 में फतेहाबाद में बाइ इलैक ान हुए उस समय में छोटा–सा कार्यकर्ता था और मैं भी सरकार के सामने जीता था। अध्यक्ष महोदय, सवाल सरकार या बेसरकार का नहीं है। सरकार का पॉपुलर होना तो सरकार की नीतियों पर होता है। ये बोखला गए हैं, ये गवर्नर एड्रैस और बजट पर जो कुछ कहना चाहते थे, वह नहीं कह पर रहे हैं, इस हार से प्रभावित होकर इनके मुंह से कुछ और ही निकल रहा है। अध्यक्ष महोदय, बंसी लाल जी ने जिक्र किया कि हुड्को की ब्याज की दर ज्यादा है, बर्ल्ड बैंक से कर्जा क्यों नहीं लिया। चौधरी साहब, आपको मालूम है कि सैंक्रान लग गई थी और सैंक्रान लगने के बाद भी वर्ल्ड बैंक का कर्जा आपको नहीं मिला, वर्ल्ड बैंक से कर्जा न मिलने के कारण क्या वे सड़के जिनमें 6–6 फूट के गढ़े हो गए थे उनको ऐसे ही छोड़ देते, हमने इसलिए हुड्को से कर्जा लिया और स्पीकर सर,ब्याज पर पैसा भी उसी को मिलता है जिसके बारे में पता होता है कि इससे पैसा

वापिस आएगा। अध्यक्ष महोदय, सड़कें अच्छी बनेंगी तो बसें उस पर ज्यादा चलेंगी,ट्रैफिक उन पर ज्यादा चलेगा, उससे स्टेट को पैसा आएगा, स्टेट का विकास होगा और इससे कर्जें के पैसे को भी हम वापिस कर सकेंगे।

श्री बंसी लाल : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से पूछना चाहूँगा कि क्या उन सड़कों पर कोई मैटीरियल भी डलवाया गया है।

प्रो. सम्पत सिंह : बंसी लाल जी, आप लिखकर भेज दें कही मैटीरियल डलवाना होगा तो हम वहां पर मैटीरियल डलवा देंगे। अध्यक्ष महोदय, इन्होंने बिजली का जिक्र करते हुए कहा कि नलकूपों की संख्या पहले से कम हुई है और आपकी सरकार क रही है कि 10 हजार नलकूप बढ़ गए है। इसके साथा ही इन्होंने यह कहा कि बिजली महंगी कर दी। अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि जहां खारा पानी हो जाता है या नहरी पानी पूरा मिल जाता है वहां के लोग लनकूपों के कनैक ान डिस कनैक्ट करवा लेते है। ये एक दिन के आंकड़े नहीं चल रहे, ये हर सरल के आंकड़े हैं, स्टैटिस्टिकल डाटा जो आता है वह हर साल आता है। कई बार जो बिल की अदायगी नहीं करता है उनके भी कनैक ान काटे जाते है। बात यह है कि मौजूदा वर्श में कितनी अचीवमैंट्स की गई हैं तो मैं इनको बताना चाहता हूँ कि 10 हजार टयूबवैल्ज के कनैक ान पिछले साल बौर 10 हजार कनैक ान इस साल सरकार ने दिए हैं जबकि इनकी सरकार ने 10 सालों में भी इतने

कनैक ान नहीं दिए होंगे। अध्यक्ष महोदय, अब मैं बिजली के रेटों पर आता हूँ। मैं सारे हिन्दुस्तान मे बिजली के टैरिफ के बारे में बता देता हूँ। पंजाब में कृशि के लिए बिजली फ्री है, आंध्र प्रदे ा में ऑलमोस्ट फ्री है।

चौ. जय प्रका ा : अध्यक्ष महोदय, मैं इनको बताना चाहूँगा कि मध्य प्रदे ा में भी फ्री है, वह भी बता दें। (भाोर एवं व्यवधान)

प्रो. सम्पत सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं बताना चाहूँगा कि हिन्दुस्तान में बाकी स्टेट्स में मुकाबले हरियाणा में कृशि का टैरिफ कम है। ये आंकड़े मैं बता रहा हूँ। आसाम में कांग्रेस की सरकार है वहां पर कृशि पर बिजली का रेट 2 रूपये 70 पैसे प्रति यूनिट, वैस्ट बंगाल में 1 रूपया 83 पैसे, उड़ीसा में 1 रूपया 10 पैसे, मध्य प्रदे ा में ये कह रहे थे कि फ्री है तो मैं इनको बताना चाहूँगा कि पहले 1 रूपया 20 पैसे था लेकिन अब 50 पैसे घटाकर 70 पैसे कर दिया गया है, राजस्थान में भाायद कांग्रेस की सरकार है वहां 90 पैसे प्रति यूनिट, कर्नाटक में भी कांग्रेस की सरकार है वहां 80 पैसे प्रति यूनिट, दिल्ली में भी कांग्रेस की सरकार है वहां पर 75 पैसे प्रति यूनिट, उतर प्रदे ा में 70 पैसे, केरला में 95 पैसे, तमिलनाडु में 50 पैसे, हिमाचल प्रदे ा में 50 पैसे और गुजरात में बी.जे.पी. की सरकार है वहां 50 पैसे प्रति यूतिट बिजली का रेट है। जबकि हरियाणा में किसानों को 45 पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से सिंचाई के लिए बिजली दी जाती है जो दे ा

में सबसे सस्ती है, पंजाब को छोड़कर क्योंकि पंजाब में तो किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दी जाती है।(भाोर एवं व्यवधान) स्पीकर सर, हमारी किसान को 8 घंटे हर रोज बिजली देती है और जहां दूसरे राज्यों में कांग्रेस की सरकार हैं वहां किसानों को 2 घंटे से ज्यादा बिजली नहीं मिलती। (भाोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : प्लीज बैठिये–बैठिये

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, यह सारा झूठ का पुलिंदा है। (भाोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : राम भगत जी प्लीज आप बैठें। (भाोर एवं व्यवधान)

राव इन्द्रजीत सिंह : अध्यक्ष महोदय, जो ये 45 पैसे बता रहे है ये प्रति हार्सपावर वसूल किए जाते हैं या पर यूनिट। यह तो क्लीयर करें। (भाोर एवं व्यवधान)

Prof. Sampat Singh : Speaker Sir, this is not a question hour but i repeat again

कि हरियाणा में किसान से 45 पैसे प्रति युनिट के हिसाब से बिजली का बिल वसूल किया जाता हैं। इसके अतिनिक्त चौधरी बंसी लाल जी ने जिक्र किया था कि साईबर सिटी का काम प्राइवेट सैक्टर में क्यों दिया गया है। यदि यह काम हुड्डा या एच.एस.आई.डी.सी. से सरकार करवाती तो 300 करोड़ रूपये

सरकार के बच जाते। इस बारे में मैं बताना चाहूँगा कि हमने पूरी ट्रासंपेरैसी से प्राइवेट सैक्टर को साईबर सिटी का काम दिया है और हमारी सरकार राईट ऑफ वे की नीति भी लाई है इसमें एक दो कंपनीज आई है। (भाोर एवं व्यवधान) स्पीकार सर, इन्होनें न तो कुछ किया और न हमे करने देना चाहते। जिस समय हमारी सरकार आई उस समय हरियाणा प्रदे ा कि आई.टी. सैक्टर मे बहुत बुरी हालत थी और इनकी गलत नीतियों की वजह से आंध्र प्रदे ा तथा कर्नाटक आई.टी. क्षेत्र में हमारे से आगे निकल गए। हम चाहते है कि हमारे पुराने संस्कार रहे लेकिन हम यह नहीं चाहते कि हम आधुनिकी करण की तरफ न बढ़े। हम चाहते है कि अपने पुराने संस्कारों के साथ आधुनिकी करण की तरफ बढ़े और यहीं हमारी सरकार ने किया है।Private participation that is must स्पीकर सर, आई.टी. क्षेत्र में यदि आंध्र प्रदे ा और कर्नाटक हमारे से आगे है तो वे सिर्फ प्राईवेट पार्टीसिपे ान करके आगे आए है। स्पीकर सर, हमारी आई.टी. नीति में पूरी ट्रांसप्रेंसी है और यदि विपक्ष का कोई भाई साईबर सिटी का लाईसैंस लेना चाहता है तो वह अपलाई कर दें। यदि नॉर्म्ज पूरा करता होगा तो हम उसे जरूर लाईसैंस दैगें। स्पीकर सर, प्राइवेट पाटीसिपे ान से सरकार को नुकसान नहीं हुआ है इससे सरकार को फायदा होगा।

श्री बंसी लाल : अध्यक्ष महोदय, इससे सरकार को तीन सौ करोड़ का नुकसान होगा।

प्रो. सम्पत सिंह : अध्यक्ष महोदय, बंसी लाल जी भी अपलाई कर दें यदि ये नार्म्ज पूरे करते होगें तो इन्हे भी साईबर सिटी का लाईसैंस दे दिया जाएगा।

श्री धर्मवीर सिंह : अध्यक्ष महोदय,

श्री अध्यक्ष : धर्मबीर जी, जो कुछ कह रहे है वह रिकॉर्ड न किया जाए।

प्रो. सम्पत सिंह : स्पीकर सर, हमने साईबर सिटी का लाईसैंस देने के लिए बकायदा रूल्ज बनाए है, रैगुले ांज बनाए है तथा लाईसैंस मंजूर करने के लिए नार्म्ज फिक्स किए गए है। यह एक खुली नीति है यदि इस में दस पार्टी आना चाहेगी और वे नार्म्ज पूरा करती होगीं तो हम दस की दस पार्टीयों को लाईसैंस दे देंगे इसके लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। स्पीकर सर, हम साईबर सिटी ही नहीं बल्कि मैडी सिटी भी बनाने जा रहे है। फिर ये कहेंगे कि मैडी सिटी क्यों बनाई जा रही है। (**इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए।)** डिप्टी स्पीकर सर, आज के दिन मैडीकेयर की बहुत आव यकता है। आप तो जानते है कि हमारे हरियाणा में कितने अच्छे मैडीकल हॉस्पीटल है और कितने पांच सितारा होटल है। जब तक ये चीजें हरियाणा में नहीं आएगी तब तक रोजगार नहीं बढ़ेगा, व्यापार नहीं बढ़ेगा,विकास नहीं होगा इस लिए इनका आना जरूरी है। डिप्टी स्पीकर साहब, इन्होंने ऑन लाईन लाटरी का भी जिक्र किया है। (भाोर एवं विध्न) डिप्टी

स्पीकर साहब, जो ऑन लाईन लाटरी का सवाल यहां पर उठाया गया है उस बारे में मैं सदन को बताना चाहता हूॅ कि बहुत सारी मैजोरिटी स्टेट्स में लाटरी चल रही है। यह एक ह्यूमन नेचर है । (भाोर एवं विध्न) चौधरी बंसी लाल जी ने भाराब को रोकने के लिए ट्राई किया था। हम सब मानते है कि भाराब पीना बुरी बात है। इसमें कोई दो राय नही की हर आदमी मानता है कि भाराब की लत बहुत बुरी लत है। लोगों का भाराब पीना कानून द्वारा बन्द्ध नहीं कराया जा सकता। चौधरी साहब, आपने कानून द्वारा इसे बंद करने के लिए प्रयास करके देख लिया। उसके क्या नतीजे हुए वे भी आपने देख लिए।(भाोर एवं विध्न) अमेरिका में ि ाकागो में भी भाराब बंद की गई थी। आज भी ि ाकागो भाहर में क्राईम रेट कम नहीं आया है। कानून बनाकर जहां भी भाराब बंद की गई,उसके ठीक परिणाम नहीं निकले। जैसे हालात ि ाकागो में हुए थे, वहीं हालात हरियाणा प्रदे ा में भी हूए है। ये लोग तो उन हालातो को छोड़ कर चले गए लेकिन हम उनको भुगत रहे हैं। भाराब को बंद करने की वजह के नतीजे यह निकले कि हमारे न जाने कितने नौजवान भटक गए। (भाोर एवं विध्न) उस समय भी लोगों ने भाराब पी और बहुत ज्यादा पीं जिससे स्टेट को करोड़ों रूपए का नुकसान हुआ। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं इनसे पुछना चाहता हूॅ कि क्या गरीब आदमी दारू नही पीता। चौधरी बंसी लाल जी ने जो भाराब बंद की थी उससे स्टेट को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ। ऐसी चीजो को हम कानून से नहीं हटा सकते बल्कि उनको भाराब न पीने के बारे में समझाया जा सकता

है। इसके लिए लोगों के सामने गोश्ठियां करे, सम्मेलन करे और लोगो को बताया जाए कि यह चीज अच्छी नहीं है, भाराब पीना बुरी लत है। जुआ खेलना भी बुरी लत है और लाटरी खेलना भी बुरी लत है। इनके बारे में आप लोगों को समझाए।डिप्टी स्पीकर साहब, लोगो में इस तरह की जो आदते है उनको समझा कर ही हटाया जा सकता है। इन्होंने खुद ही भाराब बंद की थी और फिर इन्होंने खुद ही उन ऑर्डर्ज को वापिस लै लिया। मेरा कहने का मतलब यह है कि जब आप भाराब बंद करके उसे दोबारा चला सकते है तो क्या लाटरी को ठीक ढ़ग से नहीं चलाया जा सकता।(भाोर एवं विध्न)डिप्टी स्पीकर साहब, जहां तक लाटरी को चलाने का सवाल है,इसका मतलबहै कि आप अवैद लाटरी न रखें।अगर प्रदे ा में कही अवैद लाटरी यानि कही झटके,कहीं मटके,कही सट्टे जैसी चीजें चले तो क्या वह अच्छा है। इससे जब अपराध बढ़ेगें तब क्या अच्छा रहेगा।

श्री बंसी लाल : ऑन ए प्वाइट ऑफ ऑर्डर सर।(भाोर एवं विध्न) आप मेरी बात सुने।

श्री उपाध्यक्ष : चौ.बंसी लाल जी,आप तो बड़े वरिश्ठ सदस्य है। आप तो नियम के हिसाब से चलते है। आपको नियमो का पता होगा।

श्री बंसी लाल : मुझे नियमो का पता है। (भाोर एवं विध्न)

श्री उपाध्यक्ष : बंसी लाल जी, आपने बोलने से पहले मेरे से पूछा नहीं है। ऐसे हाउस नही चलेगां। मैं मानता हूॅ कि आप तो कम से कम नियमो से बंद करके चलते है। आप मेरे से पूछ कर बोल सकते है।(भाोर एवं विध्न) सम्पत सिंह जी आप अपनी बात कहिए।(भाोर एवं विध्न)

प्रो. सम्पत सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, सरकार की इस बारे में अन्दर की कोई बात नहीं है। सरकार का बिल्कुल ओपन माईन्ड है। सरकार को अपना काम चलाने के लिए नॉन कनवैन्र ान रिर्सोसिज जुटाने पड़ेगें।अकेले कनवैन्र ानल रिसोर्सिज से आप कितने दिन जीवित रहेंगे। जब टैक्स लगाने की बात आती है तो फिर यह कहते है कि सरकार ने टैक्स बढ़ा दिए। फिर ये भाोर मचाते है कि फलां–फलां चीजों के दाम बढ़ा दिए गए। (भाोर एवं विध्न) स्पीकर साहब, नॉन कनवैन्र ानल रिसोर्सिज जुटाने पड़ेंगे और नॉन कनवैन्र ानल रिसोर्सिज जुटाने के लिए ऑन लाईन लाटरी न केवल हरियाणा सरकार लें कर आई है बल्कि अब सिक्किम में भी किसी प्राईवैट पार्टी ने सरकार के साथ कोलैबोरे ान करके उसको चलाया है। (भाोर एवं विध्न) डिप्टी स्पीकर साहब, जो लाटरी सरकारों द्वारा चलायी जा रही हैं उन लाटरियों पर हम पाबन्दी नहीं लगा सकते। मैं पूछना चाहता हूॅ कि क्या हम ऑन लाइन लाटरी को बिना टैक्स चलने दें। ऑन लाइन लाटरी के बारे में एक दो स्टेट्स कोर्ट के अन्दर भी गई और वहां जा कर वे स्टै ले आयीं।कोर्ट ने कहा कि जब आप

अपनी लाटरी चला रहे हैं तो दूसरी लाटरी को हम बन्द नहीं कर सकते। डिप्टी स्पीकर साहब, इसी वजह से जब हरियाणा में ऑन लाइन लाटरी आयी तो आते ही हरियाणा सरकार ने मन बनाया कि इस पर 20 परसैंट टैक्स लगा दें। इसमें क्या बुराई है और कोई आदमी सट्टा खेलता है तो उसका कोई पैसा तो सरकार के पास नहीं आता। यदि कोई लाटरी वैध खेलेगा तो स्टेट को पैसा तो आयेगा। जहां तक ये जुआ घर की बात कर रहे हैं, कैसीनो की तरफ इ ाारा कर रहे थे, इस बारे में मैं कहना चाहूँगा कि सरकार बाकायदा कैसीनो भी भारू करेगी। हमें अपने रवैन्यू को तो बढ़ाना ही पड़ेगा और नॉन कन्वैं ानल रिसोर्सिज भी लेकर के आयेगें। गोवा के अन्दर भी यह हुआ है। दूसरी स्टेट्स के अन्दर भी यह हो रहा हैं।(भाोर एवं विध्न) इस तरह की बाते करने से कोई फायदा नहीं है। जो लोग जुआ खेलते हैं। अवैध खेलते है। अवैध काम करने से कोई पैसा सरकार को नहीं आता। डिप्टी स्पीकर साहब, सरकार सोच विचार करके नीति बनायेगी, सरकार ट्रांसपेरेट तरीके से काम करेगी। यहां पर कहा गया कि प्रति व्यक्ति आय घटी है। इस बारे में मैं यहां पर पहले ही बता चुका हूँ कि प्रति व्यक्ति आय घटी नहीं है बल्कि बाकायदा बढ़ी है। इसी प्रकार से यहां पर कानून व्यवस्था की स्थिति का भी जिक्र किया गया है। कानून व्यवस्था की स्थिति हरियाणा प्रदे ा के अन्दर बाकी सभी प्रदे ाों से बढ़िया है। पहले जहां इन्हांने नौजवानों को बिगाड़ने की कोि ा ा की थी वहां अब हम उन नौजवानों को रास्ते पर लाने की कोि ा ा कर रहे है। इन लोगो

को रास्ते पर लाने के लिए हमने स्पोर्ट्स नीति भी बनसशी है ताकि नौजवान अपराधों की तरफ न जायें बल्कि खेलों की तरफ आयें। डिप्टी स्पीकर साहब, इस बात के लिए हरियाणा प्रदे ा को गर्व कना चाहिए। सारे अपोजी ान को भी बधाई देनी चाहिए कि यूथ फेस्टिवल अगर पहली बार कहीं पर हुआ है तो वह कैपीटल हैड क्वार्टर पर न होकर हिसार में हुआ है। यह हरियाणा प्रदे ा में डिस्ट्रिक्ट लैवल पर पहली बार हुआ है। उसमें सारे हिन्दुस्तान से आए हुए नौजवानों ने, लोगों ने, उसको सराहा है। इसका नतीजा यह भी निकला कि हमारी जो केन्द्रीय खेल और युवा मामलों की मंत्री उमा भारती है, उन्होंने वहां पर ही स्पोर्ट्स युनिवर्सिटी खोलने के बारेमें अनाउंसमैंट की। हिन्दुस्तान में यह स्पोर्ट्स युनिवर्सिटी पहली युनिवर्सिटी होगी। इसी तरह से सोनीपत डिस्ट्रिक्ट में नार्थ जॉन का स्पोर्ट्स कम्पलैक्स भी सैंटर गवर्नमैंट ने मंजूर किया है। अब तक नॉर्थ जॉन में कोई स्पोर्ट्स सैंटर नहीं था। डिप्टी स्पीकर साहब, अम्बाला और गुड़गांव में ऐस्ट्रोटर्फ लगाने जा रहे है,हिसार में भी स्पोर्ट्स की एनाउंसमैंट की है, ईनाम बढ़ाए गए हैं और रियायतें दी गई है, नर्सरियां खोली गई है और डिप्टी स्पीकर साहब, भाायद आपका कोई भी ऐसा दिन नहीं बीतता होगा जब किसी न किसी ने ानल लैवल की चैम्पियनि ाप में भाग न लेने जाना पड़े।(विध्न)। 3 नौकरियों में रिजर्वे ान जवानोंके लिए स्पोर्ट्स पर्सनल के लिए रखी गई है। जितने भी बोर्डज तथा कॉरपोरे ान्ज हैं वे भी अपनी टीमें बना रहे हैं ताकि उन बच्चों का खेल स्तर राश्ट्रीय स्तर तक ले

जाया जा सके। उपाध्यक्ष महोदय, नौजवानोंके प्रति सरकार कटिबद्ध है। इसी प्रकार से नये–नये कोर्सिज चालू किये जा रहे है जो कि व्यवसाय पैदा करते है। केवल मात्र सरकारी तौकरियां ही रोजगार नहीं देती आज आप कोई व्यवसाय करेगे तो आप रोजगार प्र ाक्षण लेंगे, ट्रेनिंग लेंगे,आई.टी.आईज. तथा पोलिटैक्निक्स में जा कर आप स्वरोजगारी प्राप्त कर सकते हैं, यह काम भी सरकार ने चालू किया है। डिप्टी स्पीकर साहब,यहां पर एक एफ.डी. आई. का जिक्र किया था फॉरेन इन्वैस्टमैंट का भी चौधरी कर्ण सिंह दलाल जी ने जिक्र किया था इस बारे इन्होंने बड़े अच्छे सूझाव दिए हैं मैं इनकी ताईद करता हूॅ। चौधरी भजन लाल जी के टाइम में 1991–96 की 5 साल की अवधि में 1457 करोड़ एफ.डी. आईज की थी, चौधरी बंसी लाल जी के टाइम में 1437 करोड़ की थी केवल मात्र आपकी सरकार में अढ़ाई साल में समय में असल में तो दो साल ही कहें क्योंकि इसमे से 6 महीने तो चौधरी बंसी लाल जी वाला अड़ंगा ही था। इस दो साल में 1826 करोड़ रूपये की फॉरेन इन्वैस्टमैंट आई है (विध्न) डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कन्कल्यूड करने जा रहा हूॅ और एक बात फिर यह कहना चाहूॅगा कि एक बहुत बढ़िया बात कही थी बजट के 87 और 88 पैरा में,मांगे राम गुप्ता जी अगर ध्यान से पढ़ते तो इन बातों के लिए सरकार का धन्यवाद करते। सदन में जितने भी सदस्य बोले किसी ने भी इस बात पर ध्यान नहीं दिया। उपाध्यक्ष महोदय, यह कितना सीरियस मैटर था और कितनी चिन्ता का विशय था तथा सरकार ने भी इस पर चिन्ता जाहिर की है। डिप्टी

स्पीकर साहब, कन्या भ्रूण हत्या एक अन्य चिन्ताजनक विशय है(विध्न) इसके बारे में अगर बजट पर बोलते हुए किसी ने कुछ बोला हो तो बताएं। (विध्न) इसी प्रकार से राज्य प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम है जो कि आज भी चलाया जा रहा है। ये दोनो चीजें एक रैवोल्यू ानरी स्टैप्स हैं और इन्होनं इनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है। उपाध्यक्ष महोदय, जो भी मांगे इनकी तरफ से आई है और सदस्यों ने भी अपनी मांगें रखी हैं, सरकार इन पर गौर करेगी। वैसे तो सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में स्वयं मुख्य मंत्री जी ने जितनी भी एनांसमैंटस की हैं उनके बारे में मैंने बजट स्पीच में यह बताया था कि सारी एनाउंसमैंटस पर काम हो चुका है या चल रहा है और हर हल्के के अन्दर सरकार ने काम रिवाए है। सरकार केलिए सारे हल्के बराबर हैं किसी एक हल्के का सवाल नहीं है। 90 के 90 हल्कों में मुख्य मंत्री जी जाते हैं चाहे वहां के विधायक उसमें आएं या नहीं आएं लेकिन माननीय मुख्य मंत्री जी की और से बाकायदा लोगों से यह कहा जाता है कि वे सरकार आपके द्वार में अपने हल्के की मांगे और समस्याएं रखें ताकि उनका निवारण हो। मुख्य मंत्री जी के दिमाग में ऐसी कोई बात नहीं है कि यह हल्का सतापक्ष के विधायक का है या ओपोजी ान के विधायक का हैं मुख्य मंत्री जी के लिए और हरियाणा सरकार केलिए सारे के सारी हल्के बराबर हैं और हर हल्के के अन्दर पूरा काम किया जाता है। सदन में जा मांगे रखी गई हैर उन पर सरकार पूरा गौर करेगी, मैं डिप्टी स्पीकर साहब, के माध्यम से हाउस से यह निवेदन करूंगा कि इनता बढ़िया तो

बजट आया है और जो डिमाण्डज हैं उनको ध्वनि मत से पास करना चाहिए ओर पूरे उत्साह के साथ पास करपा चाहिए, पार्टी लाइन से पर उपर उठ कर चलना चाहिए। धन्यवाद सर।

वर्श 2002–2003 के बजट की अनुदानों की मांगों पर चर्चा तथा मतदान

Mr.Deputy Speaker: Hon'bles members,Now discussion and voting on the Demands for Grants on Budget for the year 2002-2003 will take place.As per the past practice and to save the time of the House, all the demands on the order paper will be deemed to have been read and moved.Hon'ble members can discuss any demands but they are requested to indicate the demand number on which they wish to raise the discussion.

That a sum not exceeding Rs.7,64,84,000/- for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No. 1-Vidhan Sabha**.

That a sum not exceeding Rs.2,50,14,17,000/- for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No. 2-General Administration**.

That a sum not exceeding Rs.5,54,12,97,000/- for revenue expenditure be granted to the Governor to defray

charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No. 3- Home**.

That a sum not exceeding Rs.1,60,07,07,000/- for revenue expenditure and Rs.5,00,00,000 for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No. 4-Revenue.**

That a sum not exceeding Rs.45,15,52,000/- for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No. 5- Excise & Taxation.**

That a sum not exceeding Rs.6,28,82,34,000/- for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No. 6- Finance.**

That a sum not exceeding Rs.5,42,40,57,000/- for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No. 7- Other Administration Services.**

That a sum not exceeding Rs.2,08,47,00,000/- for revenue and Rs.3,00,000/- for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No. 8- Buildings & Roads.**

That a sum not exceeding Rs.17,05,96,21,000/- for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No. 9-Education.**

That a sum not exceeding Rs.6,87,39,82,000/- for revenue expenditure and Rs.1,60,61,00,000/- for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No. 10-Medical & Public Health.**

That a sum not exceeding Rs.41,05,72,000/- for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No. 11- Urban Development.**

That a sum not exceeding Rs.56,87,25,000/- for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No.12 labour &Employment.**

That a sum not exceeding Rs.5,02,84,99,000/- for revenue expenditure and Rs.45,00,000/- for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No.13 Social Welfare & Rehabilitation.**

That a sum not exceeding Rs.24,09,35,000/- for revenue expenditure and Rs.14,61,47,93,000/- for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No.14 Food & Supplies.**

That a sum not exceeding Rs.14,09,93,00,000/- for revenue expenditure and Rs.3,25,00,00,000/- for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No.15-Irrigation.**

That a sum not exceeding Rs.35,72,58,000/- for revenue expenditure and Rs.1,68,10,000/- for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No.16- Indutries.**

That a sum not exceeding Rs.2,95,51,00,000/- for revenue expenditure and Rs.1,40,00,000/- for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No.17-Agriclture.**

That a sum not exceeding Rs.1,35,65,79,000/- for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No.18 Animal Husbandry.**

That a sum not exceeding Rs.12,34,60,000/- for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year

2002-2003 in respect of charges under **Demand No.19 Fisheries.**

That a sum not exceeding Rs.75,10,75,000/- for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No.20 Forest.**

That a sum not exceeding Rs.1,26,64,53,000/- for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No.21 Community Development.**

That a sum not exceeding Rs.21,81,00,000/- for revenue expenditure and Rs.15,76,29,000/- for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No.22-Cooperation.**

That a sum not exceeding Rs.5,03,84,84,000/- for revenue expenditure and Rs.50,66,00,000/- for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No.23-Transport.**

That a sum not exceeding Rs.92,51,000/- for revenue expenditure and Rs.2,50,00,000/- for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No.24-Tourism.**

That a sum not exceeding Rs.2,21,12,71,000/- for revenue expenditure and Rs.3,00,000/- for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of Payment for the year 2002-2003 in respect of charges under **Demand No. .25 Loan & Advances by State Govt.**

Mr.Dputy Speaker: I have also received notices of cut motions on the various demands from some M.L.As. These will also be deemed to have beenread and moved.However,I shall put the various cut motions to the House when the respective demands are put to theHouse.Such members may, however, participate in the discussion.

Demand No.3

1.Cap.AjaySingh;

2.Shri Jai Parkash and

3.Shri Karan Singh Dalal,M.L.As

That Demand No. 3 of Rs.5,54,12,97,000/- for revenue expenditure and Rs.27,00,00,000/- for capital expenditure on account of Home be reduced by Rs.1,00,000/-.

Demand No.5

1. Cap.AjaySingh;

2. Shri Shadi Lal Batra and

3. Smt.AnitaYadav,M.L.As

That demand No. 5 of Rs.45,15,52,000/- on account of Excise and Taxation be reduced by Rs.1/-.

Demand No.9

1. Cap.AjaySingh;

2. Shri Shadi Lal Batra and M.L.As

That demand No.9 of Rs. 17,05,96,21,000/- on account of Education be reduced by Rs.1000/-.

Demand No.10

1. Cap.AjaySingh;

2. Shri Shadi Lal Batra and

3. Shri Dan Singh, M.L.As

That demand No.10 of Rs. 6,87,39,82,000/- for revenue expenditure and Rs.1,60,61,00,000/- for capital expenditure on account of Medical and Health be reduced by Rs. 1/-.

Demand No.11

1. Smt. Anita Yadav,

2. Cap.AjaySingh; and

3. Shri Shadi Lal Batra and M.L.As

That demand No.11 of Rs.41,05,72,000/- on account of Urban Development be reduced by Rs.2/-.

Demand No.15

1. Cap.AjaySingh;

2. Shri Dharambir;

3. Shri Karan Singh Dalal, and

4. Shri Narender Singh, M.L.As

(i) That demand No. 15 of Rs.14,09,93,00,000/- for revenue expenditure and Rs. 3,25,00,00,000/- for capital expenditure on account ofIrrigation and be reduced by Rs.2/-.

1. Shri Karan Singh Dalal, and

2. Shri Jagjit Singh, M.L.As

(ii) That demand No. 15 of Rs. 35,72,58,000/- for revenue expenditure and Rs. 3,25,00,00,000/- for capital expenditure on account of Irigation be reduced by Rs. 1/-.

Demand No.16

1. Cap.AjaySingh;

2. Shri Dharambir, M.L.As

That demand No.16 of Rs. 35,72,58,000/- for revenue expenditure and Rs. 1,68,10,000/- for capital expenditure on account of industries be reduced by Rs.1/-.

Demand No.17

1. Cap.AjaySingh;

2. Shri Karan Singh Dalal, and

3. Shri Dharambir, M.L.As

That demand No. 17 of Rs.2,95,51,00,000/- for revenue expenditure and Rs.1,40,00,000/- for capital expenditure on account of Agriculture be reduced by Rs.1/-.

Now, discussion will take place. Shri Karan Singh Dalal may speak.

श्री कर्ण सिंह दलाल(पलबल) : अध्यक्ष महोदय, यह जो होम डिपार्टमैंट के बारे में डिमाण्ड है मैंने इसके बारे में कट–मो ान दी हुई है। उपाध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार को सुझाव है कि जो यह गृह विभाग है यह प्रदे ा का सबसे महत्वपूर्ण विभाग माना जाता हैं प्रदे ा के अन्दर कार्य ठीक ढ़ंग से चले इसकी सबसे बड़ी जिम्मेवारी गृह विभाग की है और जिस तरीके से आज गृह विभाग को यह सरकार चला रही है, वह बहुत ही निन्दनीय बात है। उपाध्यक्ष महोदय, अब में पुलिस की भर्ती के बारे में कहना चाहूॅगा कि प्रदे ा में पुलिस की भर्तीकह जरूरत न होते हुए भी पिछले दिनों पुलिस की भर्ती की गई थी। कायदे और कानूनो का उल्लधंन किया गया था। उपाध्यक्ष महोदय मुझे पता चला है कि जो ए.एस.आई. की भर्ती हुआ करती थी अब यह सरकार उस ए.एस.आई.की भर्ती को खत्म करने जा रही है और सीधे तौर पर सब–इन्सपैक्टर्ज की भर्ती करना चाहती है। अगर इस सरकार ने सीधे ही सब–इन्सपैक्टर्ज की भर्ती करनी भाुरू कर दी तो यह सरकार बहुत बड़ा गुनाह करेगी। उपाध्यक्ष महोदय, नीचे से जो सिपाही, हवलदार ओर ए.एस.आई.की

परमो ान होती है वह परमो ान होनी बंद हो जायेगी। इसके अलावा सब–इन्सपैक्टर्ज उन बातों को नहीं सीख पाएगा जो ए.एस. आई. अपनी पोस्ट पर रहकर सीखता हैं। इसके अलावा पुलिस विभाग में हमने देखा कि पुलिस विभाग में मैडल बांटे गए।

वित मंत्री(प्रो.सम्पत सिंह) : उपाध्यक्ष महोदय, ये जो मैडल्ज दिए गए हैं ये राश्ट्रपति जी ने दिए है और भारत सरकार के कहने पर दिए हैँ।इस तरह से सदन में असत्य बातें करना कम से कम कर्ण सिंह दलाल जी आपको भाोभा नहीं देता है। डिप्टी स्पीकर साहब, इन्होंने जो मैडल्ज वाली बात कही है वह कार्यवाही से निकलवा दी जाए।

श्री कर्ण सिंह दलाल : जो रिकमैंडे ान होती है वह स्टेट गवर्नमैंट की होती है। मेरा कहना है कि जो अच्छे पुलिस अधिकारी है, जो योग्य अधिकारी हैं और जिनकी इन्टेगरेटी जनता की भलाई का काम करने की है उन आफिसर्ज को इस सरकार ने खुड्डे लाइन लगा रखा है। जो पुलिस अधिकारी सरकार के इ ाारे पर राजनीजिक विरोधियों पर झूठे मुकदमे बनाना चाहते है और झूठे मुकदमे बनाने में लगे हुए हैं, उन पुलिस अधिकारियों को यह सरकार प्राथमिकता के आधार पर नियुक्ति प्रदरन कर सही है। उपाध्यक्ष महोदय, हरियाणा में पुलिस उपायुक्तों की, पुलिसकी जो एस.पी. और एस.एच.ओ. साहेबान हैंजिनकी पोस्टिंग अच्छी जगहों पर हैं उनके बारे में अगर उनकी कान्फीडै ियल रिपोर्टस मंगवा कर देखी जाए तो वह लाल पैन से भरी हुई होगी। मेरा आपके

माध्यम से सरकार को सुझाव है कि कम से कम हमारे गुड़गांव में, फरीदाबाद में,पानीपत और हरियाणा के दूसरे बड़े–बड़े भाहर हैं उनमें क्राईम को राकने के लिए अच्छे पुलिस अधिकारियों को नियुक्त करना चाहिए और डी.सी.पी. का जो सिस्टम दिल्ली में या दूसरे महानगरों में मुम्बई और कोलकता में हैं वही सिस्टम हरियाणा में होना चाहिए। यही मेरा आपके माध्यम से हरियाणा सरकार से अनुरोध है।

प्रो.सम्पत सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, इनकी सैल्फ कंट्राडिक्ट्री स्टेटमैंट आ गई है। अभी ये दिल्ली के बारे में कह गए कि हरियाणा में दिल्ली का जो सिस्टम हैं उसको लागू किया जाए। दिल्ली के बारे में इनको पता होना चाहिए कि वहां पर सब–इन्सपैक्टर की भर्ती डायरैक्ट रिक्रूटमैंट से होती है। ये सैल्फ कंट्राडिक्ट्री स्अेटमैंट दे रहे है। एक तरफ तो ये कह रहे है कि सब–इन्सपैक्टरज की डायरैक्ट रिक्रूटमैंट नहीं होनी चाहिए और दूसरी तरफ कह रहे है कि दिल्ली के पैटर्न पर यहां पर डी.सी.पी. नियुक्त होना चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय, अब हम इनकी कौन सी बात माने। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष महोदय : कैप्टन अजय सिंह जी, आप अपनी सीट पर बैठ जाएं। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री देवराज दीवान : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन के सम्मानित साथी श्री कर्ण सिंह दलाल जी को बताना

चाहूँगा कि दिल्ली के लोग यह चाहते है कि वहां पर आई.जी. सिस्टम होना चाहिए। डी.सी.पी. का जो सिस्टम है उसको वे नहीं चाहते।

मुख्य मंत्री (श्री ओम प्रका ा चौटाला) : उपाध्यक्ष महोदय, दलाल साहब ने राश्ट्रपति द्वारा दिए गए मैडल्ज के प्रति जैसी भाशा का इस्तेमाल किया है मै चाहूगा कि उसे इस हाउस की कार्यवाही से निकलवा दिया जाए। मैं इनकी जानकारी के लिए बताना चाहूगा कि ये मैडल्ज लगभग 6 वर्श पहले दिए गए थे उस समय ये स्वयं मंत्री होते थे। ये उसी वक्त कि बात है इसलिए इस टिप्पणी को हाउस की कार्यवाही से निकलवा दिया जाए।

श्री उपाध्यक्ष : ठीक है, राश्ट्रपति द्वारा दिए गए मैडल्ज के बारे में दलाल साहब द्वारा जो टिप्पणी की गई है उन भाब्दो के हाउस की कार्यवाही से निकाल दिया जाए। अब कैप्टन साहब बालेंगे।

कैप्टन अजय सिंह यादव (रिवाड़ी) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं डिमान्ड न. 3 जो होम के बारे में है, बोलना चाहूँगा। सरकार ने अपने जवाब में द ार्िया है कि टोटल जो एबस्कोडर्ज थे वह पहली मई,1998 को 60742 थे जिनकी संख्या अब बढ़कर 11263 हो गई है। इसी प्रकार से आप देखेगें कि किडनैपिंग के 253 केसिज है जिनमे से केवल 139 केसिज में आरैस्ट हुई है। यह पोजि ान तो लॉ एंड ऑर्डर कि है। दक्षिण हरियाणा के टोटल

207 केसिज थे जिसमें से केवल 153 केसिज में आरैस्ट हुई है। इसी तरह से दूसरी बात मैं यह भी कहना चाहूॅगा कि बजट में जिस हाई–वे पैट्रोलिंग को भ्रारू करने के बारे में कहा गया है वह एक अच्छी प्रथा है लेकिन ये हाई–वे पैट्रोलिंग वाले फट्टी का काम करने लग गए है। मैंने खुद देखा था कि गाड़ी के अन्दर पीछे काकड़े की बोरी रखी हुई थी और गाड़ी हाई–वे पर जा रही थी अब हाई–वे पर हरासमैंन्ट भ्रारू हो गई है। कही पर भी वे यात्रीयों को रोकते है और उनको टार्चर करते है। इसी तरह से ट्रकों को रोक कर भी ऐसा किया जाता है। जबकि इनका काम यह है कि अगर हाई–वे पर कोई ऐक्सीडैड हो जाए तो वे उसके देखने का काम करें। लेकिन वे इस तरह की बातों पर ध्यान नहीं देतें हैं जो कि ठीक बात नहीं। इसी तरह से मैं एक बात यह भी कहना चाहूॅगा कि जो प्राईवेट कम्पनीज है या कोर्पोरेटस है जिनको सरकार ने अपने गार्डस दे रखे है उनकी तरफ करीब तीन या साढ़े तीन करोड़ रूपए ऐसे है जो पैंडिंग है इस बारे में सी.ए. जी. की रिपोर्ट में भी बताया गया है कि 2.9 करोड़ रूपया इस तरह का है जो पर्सनल्ज और कामर्ियल कम्पनीज है उनके पास जो गार्डस सरकार ने डिप्लाए कर रखे है, उनके एवज में सरकार ने आज तक उनसे पैसा वसूल नही किया है। जबकि यह पैसा उनसे एडवांस में लेना चाहिए था। मैं सरकार से ये जानना चाहूॅगा कि ऐसा क्यों नही किया गया? इसी तरह से एक बात और कहना चाहूॅगा कि 51 परसैंट भोयर रेलवे की तरफ हरियाणा सरकार का है वह भी आज तक नही लिया गया जबकि यह रेलवे

से ले लेना चाहिए था। इसी प्रकार से जेलों के अन्दर यह हालत हो गई है कि जिसके बारे में कहना मुि कल है। इस बारे में कई केसिज है जिनमें मुबाइल्ज फोन का जेलों के अन्दर इस्तेमाल हो रहा है खासकर गुड़गांव की जेल में आज भी इनका इस्तेमाल हो रहा है। उपाध्यक्ष महोदय, एक मिस्टर रिन्कू थे जिन्होने एगजाम देना था लेकिन वहां के डिप्टी सुपरिटैंडैंट ने उससे पैसा मांगा और उसको ऐग्जाम में नही बैठने दिया । जब जस्टिस वी.एम. जैन ने इस बारे में डायरेक ान दी तब उसको उसने एगजाम में बैठने दिया। उपाध्यक्ष महोदय, यह किस्सा आपके गुड़गांव का हैं इसी तरह से पंचकूला के सी.आई.डी. इंसपैक्टर भगवान सिंह के घर से ही मारूति को कोई उठाकर ले गया। इसी प्रकार से मुख्य मंत्री जी के खुद के रिलेटिव कैप्टन जसवन्त सिंह के साथ हांसी के भंडारी गांव में लोगों ने उनके घर में जाकर लूटमार की। इसका मतलब कोई सुरिक्षत नहीं है। इसी तरह से कैथल में सतबीर सिंह एक जब्बल गैंग है वह बाकायदा एक्सटोर ान कर रहा है। लोगों ने इस बात के लिए प्रोटेस्ट भी किया था। इसी प्रकार से जैसा मैंने पहले भी बताया कि भाास्त्री कालोनी के अंदर मिसेज सुदे ा अबराल पत्नी डॉ.एम.सी. अबराल को मार दिया गया था और उसकी ला ा एक बक्से में मिली थी।

श्री उपाध्यक्ष : कैप्टन साहब, अब आप बाईउड आप करें।

कैप्टन अजय सिंह यादव : जो, मैं वाईड अप कर रहा हूँ। उपाध्यक्ष महोदय,इसी तरह से पानीपत के कोर्ट प्रिमिसेज में जोगिन्द्र कौर बाकायदा आपने वकील से सलाह लेने गयी थी लेकिन उसको वही पर ही गोली मार दी गयी। वह तो केवल अपने वकील से बाते करने गयी थी। इस केस में सुई एक ऐसे व्यक्ति पर जाती है जो यहां पर एक उच्च पद पर बैठा हुआ है। मैं कहना चाहूँगा कि इस तरह की बाते ठीक नहीं है। कोर्ट में वह आने वकील से सलाह करती है लेकिन वहां भी उसकी जान सुरक्षित नहीं हैं। मैं इस बारे में कहना चाहूँगा कि सी.बी.आई. से इसकी इंक्वायरी होनी चाहिए कि किस हालात में जोगिन्द्र कौर को मारा गया हैं। उपाध्यक्ष महोदय, जस्टिस सिंघवी जी ने भी इस बारे में डायरैक ान दी हैं। वहां के बार–चीफ को भी इस बारे में थ्रेटस मिल रही है। इसी तरह से गांव रोजावास में पुलिस कस्टडी में एक व्यक्ति मारा गया है और इसी तरह से बल्लवगढ़ में भी दो लड़कियों के साथ ज्यादती हुई है।

श्री उपाध्यक्ष : कैप्टन साहब, आप कोई लयी बात कहें क्योंकि ये सारी बातें तो आप बजट पर बोलते हुए भी कह चुके है।

कैप्टन अजय सिंह यादव : उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक बात और कहना चाहूँगा कि मुख्य मंत्री जी के रि तेदार का फतेहाबाद में भाोरूम है यह पुलिस चौकी से 200 गज की दूरी पर है और कुछ लोगों ने उसमें घुस कर लूट मार की। इस तरह से

आज किसी की जान महफूज नहीं है। रोजाना लूट मार की वारदातें हो रही हैं।

परिवहन मंत्री (श्री अ ाोक कुमार अरोड़ा) : उपाध्यक्ष महोदय, अभी हमारे माननीय सदस्य ने हाइ–वे पैट्रोलिंग के बारे मं जिक्र किया। हरियाणा प्रदे ा की सरकार बनते ही मुख्य मंत्री जी ने रोड़ सेफ्टी के लिए हाइ–वे पैट्रोलिंग का गठन किया उससे हरियाणा प्रदे ा में एक साल के अंदर ऐक्सीडैंट्स में 20 प्रति ात की कमी आई। इसको न केवल हरियाणा प्रदे ा ने बल्कि भारत सरकारने भी सराहा है और उन्होंने दूसरी स्टेट्स को डायरैक ांज दी हैं कि हरियाणा के पैटर्न पर इसीप्रकार की हाइवे पैट्रोलिंग टीम बनाएं। जो माननीय सदस्य ने भांका जाहिर की कि पुलिस वाले लोगों को नाजायज लूटते है। उपाध्यक्ष महोदय, हमारी सरकारकी तहफसे स्पश्ट डायरैक ांज हैं और जिन व्हीकल्ज से ऐक्सीडैंट का खतरा है सिर्फ उन्हीं को रोका जाता है जैसे सरिया बंधा हुआ है या तूड़ी भरी हुई है इसके सिवाय किसी को नहीं रोका जाता है। माननीय सदस्य के ध्यान मेंयदि कोई उेसा वाक्या है तो वे बता दें उस पर कार्यवाही की जाएगी।

श्री उपाध्यक्ष : जब श्री भाादी लाल बत्रा बोलैंगे। (विध्न) जय प्रका ा जी, आप बैठ जाएं। मैं आपकी ही पार्टी क सम्मानित सदस्य को बोलते का मौका दे रहा हूॅ। बत्रा जी, बाप बोलें। जय प्रका ा जी, आप खड़े होकर टाइम नहीं मांग सकते है। जिसको

मैंने टाइम देना है उसकी मैंने लिस्ट बना ली हैं। आम बैठ जाइए। (ाोर एवं व्यवधान)

चौ. जय प्रका ा : उपाध्यक्ष महोदय, मैं डिमांड नंबर 3 पर बोलने के लिए समय मांग रहा हूॅ मैं आपसे रिक्वैस्ट कर रहा हूॅ। आप हमारे गार्जियन हैं आपसे ही हम बालने के लिए समय देने की उम्मीद कर सकते है।

श्री उपाध्यक्ष : जो नाम मेरे पास आए हैं मैं उनको ही समय दे रहा हूॅ। आप मुझे डिक्टेट न करें।

श्री कर्ण सिंह दलाल : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे डिमांड नंबर 3 पर बोलने के लिए इजाजत नहीं दी।

श्री उपाध्यक्ष : मैं सबको बानलने कि लिए समय दूंगा। जिका नाम कट मो ान में है उन सबको मैं बोलने का मौका दे रहा हूॅ।

राव इन्द्रजीत सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, जो भंाका है वह यह है कि डिमाड 3 पर चर्चा हो रही है और डिमांड नंबर 5 वाले सदस्य को आप बुला रहे है। डिमांड नं. 3 पर बोलने वाले को मौका नही मिला।

श्री उपाध्यक्ष : आप क्या कहतें हैं कि सभी तीन नंबर डिमांउ पर ही बोले हैं। तीन नंबर डिमांड के अलावा भी डिस्क ान हुई है और मैंने किसी को नहीं रोका। तीन नंबर

डिमांड के अलावा भी दूसरी डिमांडज को टच किया हैं। आप बैठिए प्लीज। एक चीज आप सुन लें। कट मो ान जितनी है उनको सबको इकट्ठा मुव किया है। जो सदस्य जिस पर बोलना चाहें वे बोल सकते है। अब श्री भाादी लाल बत्रा बोलेंगे।

श्री भाादी लाल बत्रा : उपाध्यक्ष महोदय, बजट पास हुआ है और उसमें कुछ चीजें ऐसी आई। मटके पर जब नंबर लगाते थे तो उसे गैर कानूनी माना जाता था और उन्हें पकड़ा जाता था आज इसमें 20 परसैटटैक्स लगाकर उस नंबर देने को मान्यता दे दी है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करना चाहूँगा कि आज हम क्या करने जा रहे है। हम विकास की तरफ जा रहे हैं या विना ा की तरफ जा रहे ळ। इस लाटरी से किसी वर्ग वि ोश पर नहीं बल्कि भाहर में भी, गांव में भी सभी वर्ग, बल्कि गरीब वर्ग इससे ज्यादा प्रभावित होगा। एक रिक्ा मुलर सारे दिन की कमाई से भााम को लाटरी का नम्बर लगायेगा और सारे दिन की कमाई उसमें लगा देगा लाटरी का नम्बर तो किसी एक आदमी का लगेगा बाकी तो बर्बाद हो जायेंगे। यह जो जुआखाना सरकार खोलने जा रही है मैं तो यह कहूंगा कि यह ठीक नहीं हैं। जैसा कि माननीय वित मुत्री महोदय ने कहा कि नॉन कंवैं ानल सोर्सिज हाने चाहियें। वहां से रेवैन्यू आना चाहिये,वहां से कर आना चाहियें तभी विकास होगा वहां तक तो ठीक है क्योंकि नाम्न कंवै ानल हमारी संस्कृति के खिलाफ है यह विकास की भावना है उसके खिलाफ है उससे हमें कुछ फायदा

नही होगा बल्कि नुकसान होगा। इसके अलावा बजट मे यह भी द ार्या गया है कि नयी चीज आ रही है उससे इतना अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है कि कितना रेवैन्यू आयेगा। इस लयी चीज की जो भ्रुरूआत हो रही है वह ठीक नहीं है। अगर यह ठीक प्रकार से नहीं करेंगे तो इससे नुकसान होगा। मैं यह नहीं कहूंगा कि नहीं करो लेकिन अगर 20 प्रति ात टैक्स ही लगाना है तो सरकार अपनी लाटरी भ्रुरू करे तो कैसा रहेगा उससे अच्छा रेवैन्यू आयेगा। सिक्किम की लाटरी से वहां की सरकार ही कमायेगी। मैं तो यह कहना चाहता हूॅ कि वह सारी इन्कम हरियाणा सरकार को आनी चाहिए। हरियाणा सरकार सिक्किम की लाटरी को मान्यता देने की बजाये अपली लाटरी को मान्यता दे। इसके इलावा उपाध्यक्ष महोदय, मैं स्वास्थ्य के बारे में हकला चाहूॅगां। बजट में जो स्वास्थ्य के बारे में द ार्या गया है, मैं राहतक मैडिकल कॉलेज के कैंसर इंस्टिच्यूट के बारे में सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूॅ। वहां पर माफर्फिन की गोलियां नहीं मिलती हैं क्यों नहीं मिलती क्योंकि उसके लिए नारकोटिक्स बोर्ड से लाइसैंस लेना होता है वह लाइसैंस नहीं लिया गया है, वहां पर मरीज कराहते रहते है। दो साल पहले डब्ल्यू.एच.ओ. से अस हजार गोलियां ली गई थी उनकी पेमैट भी कर दी गई है लेकिन लाइसैंस न होने के कारण वे गोलियां अभी तक नहीं आ रही हैं । उपाध्यक्ष महोदय, बजट में बहुत कुछ द ार्या गया है लेकिन जो बेसिक चीजें हैं वे पूरील नहीं होती। वहां पर आप्रे ान के लिए ब्लेड नहीं होते हैं, आप्रे ान के लिए भार्मसार बात है। फिर किस

प्रकार की स्वास्थ्य की रक्षा यह सरकार कर रही है, किस प्रकार की सुविधा ये दे रहे है इसलिए सवास्थ्य के लिए जो बजट द ार्या गया है उसको और बढ़ाया जाये। तीसरी बात.....(विध्न)

श्री उपाध्यक्ष : बतरा जी वाईड अप कीजिये।

श्री भाादी लाल बत्रा : उपाध्यक्ष महोदय, जो ि ाक्षा नीति मे यह सैल्फ फायनैसिंग स्कीम है इसकी बजाये गुणों के आधार पर एडमि ान करने का प्रोविजन किया जायें। धन्यवाद।

चौ.जय प्रका ा(बरवाला) : उपाध्यक्ष महोदय, अपका धन्यवाद जो आपने मुझे बोलने का समय दिया। उपाध्यक्ष महोदय, गृह विीाग सरकार का सबसे महत्वपूर्ण विभाग है। लेकिन मैं बड़े खेद के साथ सदन को सूचित करना चाहूॅगा कि इस विभाग के पुलिस प्र ाासन को आज सरकार के कुछ लोगों द्वारा अपने राजनीतिक स्वाथों के लिए और बदला लेने के लिए प्रयोग में लाया जा रहा है। जैसा हक हर थाने मे पुलिस की जिप्सियां और गाड़ियां है उनको एक ही परिवार के लोगों की सिक्योंरिटी,एस्कार्ट,पायलट के लिए प्रयोग किया जा रहा है जिस पर करोड़ों रूपये का खर्चा जाता है। उपाध्यक्ष महोदय, सरकार का एक सदस्य जो आज एम.एल.ए. है और कल वह एम.एल.ए नहीं रहेगा तो क्या उसको फिर भी एस्कार्ट मिलेगी। ये एस्कोर्टस अपराध को राकने के लिए है। मैं एक उदाहरण देना चाहूॅगा कि एक बार कलायत में एक बदमा ा दुकान को लूटकर ले गया,

थाने में गाड़ी नहीं थी और पुलिस वाला मोटर साइकिल पर गया। इसलिए जो एस्कोर्टस दिए जाएं, इस बारे में सरकार सदन को बताएं कि जिप्सीयां कौन से थाने को दी गई हैं और कौन से इलाके को दी गई है। उपाध्यक्ष महोदय, मेरे इलाके में री रेलू राम पूनिया जो किस इस सदन के सदस्य रहे हैं उनके पहरवार के 8 लोगों को मारा गया, अगर सरकार चुस्तऔर दुरूस्त होती तो वहां कोई एक्रूान लेती, जो वहां पर कांड हुआ उसका मुख्य कारण यह है कि प्र ाासन ने ठीक तरह से अपनी ड्यूटी नहीं निभाई। पुलिस के लोग मौके पर मौजूद नहीं थे उसके बाद जब मैंने यह बात उठाई तो उलटा मेरे खिलाफपर्चा दर्ज करने का काम किया गया। उससे बड़ा उदाहरण मैं आपके सामने थ्या दे सकता हूॅ। उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूॅगा कि कम से कम गृह मंत्रालय जिसका काम प्रदे ा के लोगों की जान की और उनके माल की सुरक्षा करना होता है उसका प्रयोग अपने निजी हितो के लिए न किया जाए बल्कि उनका प्रयोग उनके खिलाफ किया जाए जो जनता के साथा अपराध करते है। उपाध्यक्ष महोदय, झज्जर अदालत में सरेआम गोलियां चली लेकिन आज तक अपराधी को गिरफ्तार नहीं किया गया। पुलिस समय पर नहीं पहुंचती उसका एक कारण यह है कि थाने में रख रखाव ठीक तरह से नही किया जा रहा। नई जिप्सीयां पुलिस के उच्च अधिकारियों को दी जाती है। कई बारथानेका इन्चार्ज दूर होता है और कोई क्राइम होता है तो उस तक मैसेज नही जा पाता। इसलिए हर थाना इन्चार्ज के एक–एक

मोबाइल फोन देना चाहिए। ताकि जो थानों के और बीट के इन्चार्ज हैं अगर कोई क्राइम हो जाए तो उनको जल्दी से जल्दी बताया जा सके। उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूँगा कि रेलू राम पुलिया हत्याकांड की सी.बी.आई. से जांच कराई जाए।

श्रीमती अनीता यादव(साल्हावास) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, वित मंत्री जी ने जो बजट पे ा किया था उसमें में आबकारी और कराधान विभाग के बारेमें कुछ जिक्र करना चाहती हूँ। सिरसा जिले में जो भाराब के ठेके खोले गये हैं और जो ठेके दिए गए हैं, जितनी सब ब्रांचिज खोली गई हैं इनका रेवैन्यू मुझे ठीक नहीं लगता। कैथल का ठेका दें दिया गया एण्ड कम्पनी की तरफ 50 लाख का ब्याज बकाया था उसके बावजूद भी उसको वर्श 2001–2002 का ठेका दे दिया गया और आज जो साढ़े 3करोड़ रूपये बजट में दिखाया गया है। मुझे यह रेवैन्यू ठीक नही लगता। इसी प्रकार भाहरों की बात मैं करना चाहूँगी। भाहरों के विकास केलिए 41 करोड़ 5 लाख 72 हजार रूपये की रा ि ा जो दिखई गई है मुझे लगता है कि इसमें कोई त्रुटि रह गई है। जिस भी भाहर से हम निकलते हैं वहां सड़कों की हालत बहुत खराब हैं। वाटर सप्लाई और सीवरेज का परली दोनों मिक्स होकर आता है इससे डायरिया होने की भी ि ाकायत मिली है। मेरा आपसे अनुरोध है कि रेवैन्यू डिपार्टमैंट के बारे में मुझे भाक है इसलिए इसकी जांच कराई जाए।

राव दान सिंह(महेन्द्रगढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बजट की डिमांडस पर बोलने के लिए अवसर दिया इसके लिए मैं आपका ध्न्यवाद करता हूॅ। मैं जन स्वास्थ्य विभाग के ऊपर सरकार का ध्यान दिलाना चाहूॅगा। प्रदे ा के नागरिक प्रदे ा की धरोहर होते हैं अगर उनका स्वास्थ्य ठीक हो तो यह प्रदे ा के लिए दवाइयों का प्रावधान किया गया है वह इन–सफीि ाएंट है। पहली बात तो यह है कि दवाइयां उन अस्पतालों में मिलती नहीं और अगर मिलती भी हैं तो नाम मात्र। दूसरी बात जिसकी तरफ में सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूॅ कि महेन्द्रगढ़ क्षेत्र के साथ पिछड़ा नाम जुड़ा हुआ है। पहले भी मैंने बताया था कि जिस जिनले का नाम महेन्द्रगढ़ है और उसका हैडक्वार्टर नारनौल में है। महेन्द्रगढ़के सरकारी अस्पताल में महिला डॉक्टर नहीं है। उपाध्यक्ष महोदय, एक महिला जब बच्चे को जन्म देती है तो महिला का उस समय दूसरा जनम होता है। ऐसे समय में यदि किसी अस्पताल में महिला चिकित्यक न हो तो आप समझ सकते हैं कि महिलाओं को कितनी दिक्कत होती होगी। इसलिए उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूॅ कि महेन्द्रेढ़ जिले में नारनौल को छोड़कर पांचों ब्लाकों में कही भी महिला चिकित्सक नहीं है, सब–डिवीजन में भी महिला चिकित्यक नहीं है वहां महिला चिकित्सक का प्रबन्ध सरकार करवाये।(विध्न) उपाध्यक्ष महोदय, महेन्द्रगढ़ के अंदर अस्पतालों की हालत इतनी खराब हैकि वहां के अस्पताल अब एम.एल.आर. सैंटर बनकर रह गये है। इसलिए वहां के अस्पतालों की तरफ सरकार

